Seventeenth Loksabha

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of His Majesty Sultan Qaboos Bin Said Al Said (Sultan of Oman); Shri N.Selvaraju, member of the 7th Lok Sabha; Shri Rampal Singh, member of 10th,12thand 13th Lok Sabhas; Shri Y.V.Rao, member of the 13th Lok Sabha; Shri Chander Pal Singh, member of 6th and 7th Lok Sabha; Shri Chunni Lal Bhau Thakur, member of the 13th Lok Sabha; Shri P.H.Pandian, member of the 13th Lok Sabha; and Shri Kamal Singh, member of the 1st and 2nd Lok Sabhas, respectively.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को ओमान के सुल्तान महामहिम सुल्तान कबूस बिन सैद अल सैद तथा हमारे सात पूर्व सदस्यों सर्वश्री एन. सेल्वराजू, रामपाल सिंह, वाई.वी. राव. चन्द्रपाल सिंह, चुन्नी लाल भाऊ ठाकुर, पी.एच. पांडियन तथा कमल सिंह के दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है ।

महामहिम सुल्तान कबूस बिन सैद अल सैद एक दूरदर्शी नेता थे जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों का समाधान करने संबंधी संयमन और मध्यस्थता की द्वैध नीतियों के कारण विश्व भर में प्रशंसा और सम्मान मिला है । उनके नेतृत्व में ओमान सल्तनत में शानदार प्रगति और समृद्धि हुई है ।

भारत के एक मित्र के रूप में उनके साथ हमारी आपसी लाभकारी व्यापक भागीदारी सृद्दढ़ हुई है और उनके नेतृत्व में इसे नई ऊंचाइयां प्राप्त हुई । यह मैत्री-बंधन ओमान में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के प्रवासियों की उपस्थिति से और सुद्दढ़ हुआ है ।

यह सभा इस अपूरणीय क्षति पर शोक की इस घड़ी में ओमान सल्तनत के नेतृत्व और वहां की जनता के साथ खड़ी है ।

श्री एन. सेल्वराजू तमिलनाडु के तिरूचिरापल्ली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 7वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री एन. सेल्वराजू का निधन 26 मार्च, 2019 को 74 वर्ष की आयु में हुआ ।

श्री रामपाल सिंह उत्तर प्रदेश के डुमरियागंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 10वीं, 12वीं तथा 13वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री रामपाल सिंह का निधन 17 नवम्बर, 2019 को 89 वर्ष की आयु में हुआ ।

श्री वाई.वी. राव आंध्र प्रदेश के गुंटूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13वीं लोक सभा के सदस्य थे । श्री वाई.वी. राव का निधन 4 दिसम्बर, 2019 को 87 वर्ष की आयु में हुआ ।

श्री चन्द्रपाल सिंह उत्तर प्रदेश के अमरोहा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी तथा सातवीं लोक सभा के सदस्य थे ।

वे दो बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे तथा उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री भी रहे ।

श्री चन्द्रपाल सिंह का निधन 18 दिसम्बर, 2019 को 90 वर्ष की आयु में हुआ ।

श्री चुन्नी लाल भाऊ ठाकुर महाराष्ट्र के भंडारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13वीं लोक सभा के सदस्य थे । वे 1990 से 1995 तक महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य भी रहे ।

श्री चुन्नी लाल भाऊ ठाकुर का निधन 31 दिसम्बर, 2019 को 72 वर्ष की आयु में हुआ ।

श्री पी.एच. पांडियन तमिलनाडु के तिरुनेलवेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13वीं लोक सभा के सदस्य थे ।

पूर्व में, श्री पांडियन चार बार तमिलनाडु विधान सभा के सदस्य भी रहे तथा तमिलनाडु विधान सभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष भी रहे ।

श्री पांडियन 13वीं लोक सभा के दौरान सभापति तालिका के सदस्य भी थे ।

श्री पी. एच. पांडियन का निधन 4 जनवरी, 2020 को 74 वर्ष की आयु में हुआ ।

श्री कमल सिंह बिहार के शाहाबाद उत्तर-पश्चिम तथा बक्सर संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से पहली तथा दूसरी लोक सभा के सदस्य थे ।

श्री कमल सिंह का निधन 5 जनवरी, 2020 को 93 वर्ष की आयु में हुआ ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं । यह सभा शोक-संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन खड़ी रहेगी ।

11.05 ½ hrs

(The Members then stood in silence for a short while.)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 21

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, प्रश्न काल बहुत महत्वपूर्ण काल होता है और प्रश्न काल के इस महत्व को समझें ।

…(व्यवधान)

SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR): Sir, human rights have been violated. …(*Interruptions*) Sir, please allow me to speak. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, गृह मंत्री जी आपके प्रश्न का जवाब देना चाहते हैं । आप सभी अपनी सीटों पर बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

11.07 hrs

(*At this state, Shri Gaurav Gogoi and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

-

माननीय अध्यक्ष: आप इतने महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा नहीं करना चाहते? मैं बार-बार बोल रहा हूं कि माननीय गृह मंत्री जी आपकी बात का जवाब देना चाहते हैं । आप चर्चा नहीं करना चाहते?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: सदन की कार्यवाही बारह बजे तक स्थगित की जाती है ।

11.07 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Twelve of the Clock.

12.00 hrs

The Lok Sabha reassembled at Twelve of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair)*